(c) what are the reasons for the virtual collapse of the Calcutta telephone system?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): (a) The number of installed telephones in Calcutta and Calcutta metropolitan areas as on 1st July 1989 was 3,22,620.

(b) and (c) From time to time some of the telephones go faulty and are restored in varying periods depending on the nature of faults. The position as on 1st July 1989 was 22,291 telephones faulty, out of these 10,157 telephones remained faulty beyond one week period due to monsoon rains.

स्थल चयन समिति का गठन

1628. श्रीमती सुधा सिंह श्रीमती :
श्री विश्वास राव रामराव पाटिल :

क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भविष्य में परमाणु विद्युत केन्द्रों की स्थापना के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा स्थानों का निर्धारण करने वाली स्थान चयन समिति की संरचना क्या है ;

(ख) इस समिति का गठन कब किया गया था ;

(ग) समिति ने अपने प्रतिवेदन किस तारीख को प्रस्तुत किए ;

(घ) समिति की मुख्य सिफारिशें क्या हैं ; और

(ङ) क्या इस समिति द्वारा निर्धारित स्थानों में महाराष्ट्र का भी कोई स्थान है, यदि हां, तो किए गए सर्वेक्षणों की ब्यौरा क्या है और आठवीं योजना की अवधि के दौरान उस राज्य में अतिरिक्त विद्युत संयंत्रों को स्थापित करने या परमाणु विद्युत संयंत्रों की विद्युत उत्पादन की वर्तमान क्षमता को बढ़ाने के लिए क्या-क्या योजनाएं बनाई गई हैं ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा महासागर विकास, परमाणु ऊर्जा, इलेक्ट्रानिकी और अंतरिक्ष विभागों में राज्य मंत्री (श्री के० आर० नारायणन) : (क) स्थल चयन समिति में भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के विशेषज्ञ और केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण तथा पर्यावरण विभाग के प्रतिनिधि शामिल हैं ।

(ख) स्थल चयन समिति शुरू में 15 सितम्बर, 1983 को गठित की गई थी ।

(ग) स्थल चयन समिति ने दक्षिणी, उत्तरी, पश्चिमी तथा पूर्वी क्षेत्रों के लिए अपनी रिपोर्ट क्रमशः फरवरी, 1984, अगस्त, 1984, दिसम्बर, 1984 तथा अप्रैल, 1985 में प्रस्तुत की ।

(घ) स्थल चयन समिति ने भावी परमाणु बिजलीघर स्थापित करने के लिए देश के प्रत्येक क्षेत्र में कई स्थलों की सिफारिश की है ।

(ङ) स्थल चयन समिति ने महाराष्ट्र में तारापुर के अलावा अनेक अन्य स्थलों का सर्वेक्षण किया और उनकी जांच की । यह निर्णय लिया गया है कि तारापुर में 500-500 मेगावाट क्षमता वाले दो यूनिट (तारापुर परमाणु विद्युत परियोजना का तीसरा तथा चौथा यूनिट) स्थापित किए जाएं । इन दोनों यूनिटों के नवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान चालू हो जाने की आशा है ।

विमानों का उत्पादन

1629. श्री विश्वास राव रामराव पाटिल : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में प्रतिवर्ष कितने विमानों का निर्माण किया जा रहा है और उनके नाम क्या-क्या हैं ;